**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 913**

**07 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाएं**

**913. डॉ. डी.एन.वी.सेंथिलकुमार एस.:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्रीमती मंजुलता मंडल:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्री सी.एन.अन्नादुरई:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार स्मार्ट सिटी मिशन को सफलतापुर्वक कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु, महाराष्ट्र और ओडिशा राज्यों में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की वर्तमान कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त राज्यों विशेषकर तमिलनाडु में एमसीएम के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए शहर-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार का विचार कायाकल्प और शहरी परिवर्तन हेतु अटल मिशन (अमृत) का विस्तार नए शहरों और कस्बों तक करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ड.) उक्त योजना के शुरू होने के बाद से कितने शहरों का कायाकल्प किया गया है;

(च) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत कस्बों को भी शामिल किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या उक्त योजना के अंतर्गत कस्बों और छोटे शहरों को शामिल करने के लिए इस परियोजना के लिए अलग से निधियों का प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) आरम्भ किया था। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया जा चुका है।

24 नवंबर 2023 की स्थिति के अनुसार लगभग 1,71,237 करोड़ रुपए की 7,960 परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए गए हैं; जिनमें से 1,16,269 करोड़ रुपए की 6,271 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। 24 नवंबर 2023 की स्थिति के अनुसार 78,749.88 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं; जिसमें से 71,135.70 करोड़ रूपये (90%) का उपयोग किया जा चुका है।
महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु के स्मार्ट शहरों में जारी/उपयोग की गई निधि और परियोजनाओं की प्रगति का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) से (छ): अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) को 25 जून 2015 को देश भर के 500 चयनित शहरों में आरम्भ किया गया था, जिसमें लगभग 60% शहरी आबादी शामिल है। अमृत योजना मिशन शहरों में जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, वर्षा जल निकासी, गैर-मोटरीकृत शहरी परिवहन और हरित स्थानों और पार्कों के विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने पर केन्द्रित थी।

देश भर के लगभग 4,902 कस्बों/शहरों में जल आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से अक्टूबर 2021 में अमृत 2.0 शुरू की गई। अमृत और अमृत 2.0 के तहत शहरों की राज्य-वार संख्या अनुलग्नक-II में दी गई है ।

अमृत के अंतर्गत, जल आपूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, वर्षा जल निकासी, गैर-मोटरीकृत शहरी परिवहन और हरित स्थानों और पार्कों के विकास के क्षेत्र में परियोजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से 485 शहरों/कस्बों का नवीनीकरण किया गया है। अमृत 2.0 के अंतर्गत, 2011 की जनगणना के अनुसार सभी सांविधिक शहर शामिल हैं।

अमृत के अंतर्गत मिशन की शुरुआत में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को निधि आवंटित की जाती है, शहर-वार या वर्ष-वार नहीं। कस्बों और छोटे शहरों में शुरू की गई परियोजनाओं के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

****

**<u>एससीएम के तहत परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को माननीय सांसदगण डीएनवी सेंथिलकुमार एस., श्रीमती सुप्रिया सुले, श्रीमती मंजुलता मंडल, श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री सीएन अन्नादुरई, डॉ. सुभाष रामराव भामरे और डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 913 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I</u>**

**<u>पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु में स्मार्ट शहरों के लिए एससीएम के तहत भारत सरकार द्वारा वर्ष-वार जारी की गई धनराशि</u>**

(राशि करोड़ रुपए में)

| स्मार्ट सिटी | 2020-21 के दौरान | 2021-22 के दौरान | 2022-23 के दौरान | 2023-24 के दौरान (चालू वर्ष) | एससीएम के तहत जारी की गई कुल केंद्रीय निधि | स्मार्ट सिटी द्वारा उपयोग की गई केंद्रीय निधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र** | | | | | | |
| औरंगाबाद | 98.00 | 0.00 | 98.00 | 24.50 | 416.50 | 379.78 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 0.00 | 0.00 | 98.00 | 49.00 | 343.00 | 290.99 |
| नागपुर | 0.00 | 76.77 | 49.00 | 36.75 | 379.75 | 353.20 |
| नासिक | 0.00 | 0.00 | 49.00 | 49.00 | 294.00 | 245.00 |
| पिंपरी-चिंचवाड़ | 98.00 | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 490.00 |
| पुणे | 49.00 | 49.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 490.00 |
| सोलापुर | 49.00 | 147.00 | 24.16 | 24.84 | 441.00 | 416.16 |
| ठाणे | 0.00 | 98.00 | 98.00 | 24.50 | 416.50 | 415.93 |
| **ओडिशा** | | | | | | |
| भुवनेश्वर | 0.00 | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 497.93 | 490.00 |
| राउरकेला | 0.00 | 49.00 | 196.00 | 49.00 | 490.00 | 434.91 |
| **तमिलनाडु** | | | | | | |
| चेन्नई | 98.00 | 98.00 | 60.96 | 0.00 | 558.58 | 490.00 |
| कोयंबटूर | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 0.00 | 490.00 | 490.00 |
| इरोड | 98.00 | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 463.70 |
| मदुरै | 98.00 | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 486.40 |
| सलेम | 98.00 | 98.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 488.83 |
| तंजावुर | 98.00 | 0.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 | 488.41 |
| तूतीकोरिन | 0.00 | 98.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 | 480.29 |
| तिरुचिरापल्ली | 56.33 | 41.67 | 196.00 | 0.00 | 490.00 | 489.00 |
| तिरुनेलवेली | 0.00 | 98.00 | 196.00 | 0.00 | 490.00 | 477.92 |
| तिरुपूर | 49.00 | 49.00 | 98.00 | 0.00 | 490.00 | 487.19 |
| वेल्लोर | 98.00 | 49.00 | 147.00 | 0.00 | 490.00 | 483.69 |

(स्रोत: 24 नवंबर 2023 की स्थिति के अनुसार एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस))

# महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति

(राशि करोड़ रुपए में)

| स्मार्ट सिटी | जारी की गई कुल निधि (केंद्रीय + राज्य) | कुल उपयोग (केंद्रीय + राज्य) | जारी परियोजनाएँ | | पूर्ण परियोजनाएँ | | कुल परियोजनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | | |
| औरंगाबाद | 862.50 | 765.68 | 8 | 2,246.82 | 38 | 1,324.58 | 46 | 3,571.40 |
| कल्याण-डोम्बीवली | 686.00 | 677.57 | 4 | 817.53 | 13 | 574.27 | 17 | 1,391.80 |
| नागपुर | 741.63 | 697.64 | 16 | 927.94 | 14 | 1,041.07 | 30 | 1,969.01 |
| नासिक | 564.00 | 511.06 | 12 | 718.73 | 40 | 2,558.83 | 52 | 3,277.56 |
| पिंपरी-चिंचवड | 979.92 | 979.92 | 5 | 374.36 | 20 | 962.20 | 25 | 1,336.56 |
| पुणे | 980.02 | 980.02 | 2 | 209.07 | 46 | 1,613.63 | 48 | 1,822.70 |
| सोलापुर | 857.16 | 832.32 | 1 | 500.00 | 47 | 756.56 | 48 | 1,256.56 |
| ठाणे | 825.00 | 809.47 | 11 | 868.77 | 41 | 976.69 | 52 | 1,845.46 |
| **महाराष्ट्र कुल** | **6,500.23** | **6,257.68** | **59** | **6,663.22** | **259** | **9,807.83** | **318** | **16,471.05** |
| **ओडिशा** | | | | | | | | |
| भुवनेश्वर | 997.93 | 911.86 | 6 | 495.73 | 27 | 1,587.06 | 33 | 2,082.79 |
| राउरकेला | 939.00 | 792.92 | 5 | 357.62 | 59 | 1,155.24 | 64 | 1,512.86 |
| **ओडिशा कुल** | **1,936.93** | **1,704.78** | **11** | **853.35** | **86** | **2,742.30** | **97** | **3,595.65** |
| **तमिलनाडु** | | | | | | | | |
| चेन्नई | 1,058.58 * | 939.36 | 3 | 203.02 | 45 | 893.86 | 48 | 1,096.88 |
| कोयंबटूर | 990.00 | 987.90 | 8 | 602.07 | 64 | 852.75 | 72 | 1,454.82 |
| इरोड | 990.00 | 915.43 | 11 | 224.45 | 43 | 1,079.67 | 54 | 1,304.12 |
| मदुरै | 990.00 | 948.42 | - | - | 16 | 1,899.66 | 16 | 1,899.66 |
| सलेम | 990.00 | 972.65 | 9 | 219.65 | 101 | 1,648.10 | 110 | 1,867.75 |
| तंजावुर | 990.00 | 966.02 | 9 | 157.80 | 96 | 845.53 | 105 | 1,003.33 |
| तूतीकोरिन | 990.00 | 918.50 | 7 | 279.85 | 64 | 781.27 | 71 | 1,061.12 |
| तिरुचिरापल्ली | 990.00 | 898.82 | 15 | 357.80 | 68 | 1,189.88 | 83 | 1,547.68 |
| तिरुनेलवेली | 990.00 | 898.14 | 21 | 217.13 | 63 | 1,627.04 | 84 | 1,844.17 |
| तिरुपूर | 989.00 | 933.42 | 4 | 269.21 | 24 | 2,601.19 | 28 | 2,870.40 |
| वेल्लोर | 980.00 | 895.86 | 7 | 126.79 | 46 | 1,969.04 | 53 | 2,095.83 |
| **तमिलनाडु कुल** | **10,949.58** | **10,276.52** | **94** | **2,657.77** | **630** | **15,387.99** | **724** | **18,045.76** |

* सिटीस कार्यक्रम के तहत जारी निधि शामिल है

(स्रोत: 24 नवंबर 2023 की स्थिति के अनुसार एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस))

एससीएम के तहत परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को माननीय सांसदगण डीएनवी सेंथिलकुमार एस., श्रीमती सुप्रिया सुले, श्रीमती मंजुलता मंडल, श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री सीएन अन्नादुरई, डॉ. सुभाष रामराव भामरे और डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 913 के भाग (ग) और (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

## अमृत और अमृत 2.0 के तहत शहरों की राज्य-वार संख्या

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अमृत शहरों/कस्बों की स्थिति | | | अमृत 2.0 के तहत शामिल किए गए नए शहर/कस्बे | अमृत 2.0 के तहत कुल शहर/कस्बे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अमृत शहरों/कस्बों की संख्या | सम्मिलित शहर/कस्बे | वर्तमान अमृत शहर/कस्बे | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 33 | - | 33 | 92 | 125 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | - | 1 | 46 | 47 |
| 3 | असम | 4 | - | 4 | 92 | 96 |
| 4 | बिहार | 27 | - | 27 | 232 | 259 |
| 5 | छत्तीसगढ | 9 | - | 9 | 160 | 169 |
| 6 | गोवा | 1 | - | 1 | 13 | 14 |
| 7 | गुजरात | 31 | - | 31 | 134 | 165 |
| 8 | हरियाणा | 20 | 2 | 18 | 75 | 93 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2 | - | 2 | 66 | 68 |
| 10 | झारखंड | 7 | - | 7 | 45 | 52 |
| 11 | कर्नाटक | 27 | - | 27 | 287 | 314 |
| 12 | केरल | 9 | - | 9 | 84 | 93 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 34 | - | 34 | 384 | 418 |
| 14 | महाराष्ट्र | 44 | - | 44 | 370 | 414 |
| 15 | मणिपुर | 1 | - | 1 | 26 | 27 |
| 16 | मेघालय | 1 | - | 1 | 9 | 10 |
| 17 | मिजोरम | 1 | - | 1 | 22 | 23 |
| 18 | नागालैंड | 2 | - | 2 | 37 | 39 |
| 19 | ओडिशा | 9 | - | 9 | 105 | 114 |
| 20 | पंजाब | 16 | - | 16 | 151 | 167 |
| 21 | राजस्थान | 29 | - | 29 | 207 | 236 |
| 22 | सिक्किम | 1 | - | 1 | 6 | 7 |
| 23 | तमिलनाडु | 33 | 5 | 28 | 638 | 666 |
| 24 | तेलंगाना | 12 | - | 12 | 131 | 143 |
| 25 | त्रिपुरा | 1 | - | 1 | 19 | 20 |
| 26 | उत्तरप्रदेश | 61 | 1 | 60 | 722 | 782 |
| 27 | उत्तराखंड | 7 | - | 7 | 102 | 109 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 60 | 5 | 55 | 79 | 134 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | 1 | 0 | 1 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1 | - | 1 | 0 | 1 |

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अमृत शहरों/कस्बों की स्थिति | | | अमृत 2.0 के तहत शामिल किए गए नए शहर/कस्बे | अमृत 2.0 के तहत कुल शहर/कस्बे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अमृत शहरों/कस्बों की संख्या | सम्मिलित शहर/कस्बे | वर्तमान अमृत शहर/कस्बे | | |
| 31 | दादरा और नगर हवेली<br>दमन और दीव | 2 | - | 2 | 1 | 3 |
| 32 | जम्मू और कश्मीर | 3 | - | 3 | 77 | 80 |
| 33 | लद्दाख | 2 | - | 2 | 0 | 2 |
| 34 | लक्षद्वीप | 1 | - | 1 | 0 | 1 |
| 35 | एनसीटी दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 1 | 3 |
| 36 | पुदुचेरी | 3 | | 3 | 4 | 7 |
| | कुल | 500 | 15 | 485 | 4,417 | 4,902 |